प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्माण व अवसंरचना उपकरण विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 11 हज़ार करोड़ रूपये की योजना को दी मंजूरी।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उद्योग जगत से अपना सक्रिय योगदान देने का किया आह्वान।
- राज्य सरकार द्वारा स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति में संशोधन को स्वीकृति प्रदान– परियोजनाओं से प्रदेश को मिलेगी 40 फीसदी मुफ्त बिजली रॉयल्टी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर विकास ठप्प करने का लगाया आरोप– विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का किया दावा।
- प्रदेश में 30 नवम्बर तक मौसम साफ रहने की संभावना– इस महीने न के बराबर बरसे मेघ।

केंद्रीय मंत्रिमडल
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज निर्माण और अवसंरचना उपकरण– सी.आई.ई विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य निर्माण, बुनियादी ढांचा उपकरणों व उनके कलपुर्जों का देश में ही उत्पादन बढ़ाना और इनके परीक्षण के लिए विशेष सुविधा स्थापित करना है। इस योजना की अवधि 8 वर्ष यानि वर्ष 2026–27 से 2033–34 तक होगी।

राज्यपाल
राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उद्योग जगत की बड़ी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने आज सिरमौर ज़िले के कालाअंब में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की और कहा कि उद्योगों की स्थापना से युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलते हैं। राज्यपाल ने लघु भारती की ओर से एक एंबुलेंस को भी जनता को समर्पित किया।

बिजली रॉयल्टी
मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य की वित्तीय स्थिती को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार ने स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति–2021 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि संशोधन के अनुसार केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के 40 वर्ष पूरे होने के बाद प्रदेश को 40 फीसदी मुफ्त बिजली रॉयल्टी मिलेगी। इसके अलावा इन परियोजनाओं को 40 वर्ष पूरे होने के बाद अगले 10 वर्षों तक राज्य सरकार को 50 फीसदी की बढ़ी हुई दर से मुफ्त बिजली रॉयल्टी देनी होगी।

विक्रमादित्य सिंह
शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी के दूसरे चरण के तहत राज्य सरकार द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन में सुधार किया जा रहा है। उन्होंने मुंबई में आयोजित तीसरे वर्ल्ड मेयर्स फोरम समिट में हिमाचल की सतत शहरी विकास पहलों पर प्रस्तुती दी। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि 56 शहरी स्थानीय निकायो में समाधान प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं जिनके माध्यम से करीब 9 हजार शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।

आईएमपीसीसी

अंतर मीडिया प्रचार समन्वय समिति की एक बैठक आज केंद्रीय आलू अनुंसधान संस्थान शिमला में हुई। सूचना व प्रसारण मंत्रलाय के तहत पत्र सूचना ब्यूरो शिमला द्वारा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉक्टर ब्रजेश सिंह ने बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विभागों के बीच नियमित संवाद और सूचना साझा करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान सरकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार और मीडिया समन्वय पर मंथन किया गया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि हार के डर से कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। उन्होंने आज सोलन जिले के अर्की में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह में शिरकत की। जयराम ठाकुर ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने–अपने क्षेत्रों में ईमानदारी से विकास कार्य आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होनें आरोप लगाया कि प्रदेश में पिछले करीब 4 वर्ष से विकास की गति रूकी हुई है और कांग्रेस सरकार को विधानसभा चुनाव में इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप भी इस मौके मौजूद रहे।

आलू

शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉक्टर ब्रजेश सिंह ने कहा है कि आलू खाने से मोटापा और मधुमेह नहीं बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आलू खाने से फैट या डायबिटीज बढ़ने जैसी भ्रांतियां निराधार हैं। ब्रजेश सिंह ने दावा किया कि आलू में उच्च रक्तचाप और मधुमेह को कम करने की गुणवत्ता है।

राजेंद्र राणा

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आंतरिक गुटबाजी, भ्रष्टाचार व प्रशासनिक अराजकता का शिकार हो चुकी है। उन्होंने आज हमीरपुर में कहा कि प्रदेश में टैंडर दलाली वाला गिरोह दोबारा से सक्रिय हो गया है और हमीरपुर में 34 करोड़ रूपये से बनने वाले बस अड्डे की लागत बगैर री–टैंडर के ही एक सौ 23 करोड़ रूपये तक पहुंच गई है। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि टैंडर दलाली के माध्यम से हिमाचल को लूटा जा रहा है और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम हमीरपुर में 70 टैंडर ऑफलाइन कर सरकार ने अपने चहेतों को फायदा पहुंचाया है। राजेंद्र राणा न कहा कि कांग्रेस सरकार अपने 4 साल के जश्न की तैयारी कर रही है, लेकिन ये कर्ज़ और चुनावी गारंटियों की वादाखिलाफी का उत्सव होगा। उन्होंने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर की गई टिप्पणी की भी निंदा की।

इफ्फी फिल्म महोत्सव

गोवा में चल रहे 57वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सिनेमा का जादू केवल बड़े पर्दे तक ही सीमित नहीं है। महोत्सव में अभिनेता राज कपूर की फिल्म मेरा नाम जोकर के उनके मशहूर अंदाज वाली प्रतिमा भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अंतर्गत 'सिनेमा की खुशियों का उत्सव' विषय पर आज भव्य झांकी परेड का आयोजन किया गया। इसमें रंग–बिरंगी झांकियों और जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झलक देखने को मिली।

मौसम

प्रदेश में अगले कुछ दिनों में वर्षा या बर्फबारी की कोई संभावना नहीं है और मौसम विभाग ने 30 नवम्बर तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य में दिन के तापमान में असामान्य बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नवम्बर महीने में न के बराबर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्माण व अवसंरचना उपकरण विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 11 हज़ार करोड़ रूपये की योजना को दी मंजूरी।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उद्योग जगत से अपना सक्रिय योगदान देने का किया आह्वान।
- राज्य सरकार द्वारा स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति में संशोधन को स्वीकृति प्रदान– परियोजनाओं से प्रदेश को मिलेगी 40 फीसदी मुफ्त बिजली रॉयल्टी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर विकास ठप्प करने का लगाया आरोप– विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का किया दावा।
- प्रदेश में 30 नवम्बर तक मौसम साफ रहने की संभावना– इस महीने न के बराबर बरसे मेघ।

.....